**MP BOARD CLASS 10 MODEL PAPER 2020**

हिन्दी (विशिष्ट)

समय : **3** घण्टे] [पूर्णांक : **100**

प्रश्न **1.** निम्नलिखित कथनों के लिए सही विकल्प चुनकर लिखिए- **5**

(1) आधुनिक मीरा के नाम से प्रसिद्ध है –

(अ) महादेवी वर्मा (ब) सुभद्राकुमारी चौहान

(स) उषा प्रियंवदा (द) रजनी परिकर ।

(2) शरीर को पुष्ट करता है-

(अ) गुलाब (ब) गेंदा

(स) गेहूँ, (द) इलायची।

(3) इनमें से किसके तीन और सागर है-

(अ) नेपाल (ब) भारत

(स) पाकिस्तान (द) अफगानिस्तान ।

(4) महा + ओजस्वी = महौजस्वी में सन्धि है-

(अ) गुण (ब) वृद्धि

(स) यण (द) दीर्घ सन्धि।

(5) जायसी की भक्ति है-

(अ) ज्ञानाश्रयी निर्गुण भक्ति (ब) प्रेमाश्रयी निर्गुण भक्ति

(स) रामाश्रयी सगुण भक्ति (द) कृष्णाश्रयी सगुण भक्ति ।

उत्तर-(1) महादेवी वर्मा, (2) गेहूँ, (3) भारत, (4) वृद्धि सन्धि, (5) प्रेमाश्रयी निर्गुण भक्ति।

प्रश्न **2.** रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए- **5**

(i) विरह वेदना की कवयित्री .......... है। (महादेवी वर्मा/सुभद्राकुमारी चौहान)

(ii) नई कविता का युग .........से लगता है। (1950/1960)

(iii) युधिष्ठिर की माता का नाम ........ (कुन्ती / द्रौपदी)

(iv) अर्थ की दृष्टि से वाक्य के प्रकार ............है। (आठ / छह)

(v) महाकाव्य में जीवन का .................. चित्रण होता है। (समय / अल्प)

उत्तर- (i) महादेवी वर्मा, (ii) 1950, (ii) कुन्ती, (iv) आठ, (v) समग्र।

**प्रश्न 3.** निम्नलिखित कथनों के सत्य/असत्य लिखिए- **5**

(1) काव्य का प्रत्येक छन्द अपने आप में स्वतन्त्र पूर्णतया रस की अनुभूति कराने में असमर्थ होता है।

(2) जीवन को दर्शन शास्त्रियों ने बहुमुखी बताया है। http://www.mpboardonline.com

(3) पुनर्जन्म में व्यंजन सन्धि है।

(4) 'पथ की पहचान' नामक कविता के कवि सूरदास है।

(5) कवि सम्मेलनों और मुशायरों की सफलता दाद देने वालों पर निर्भर करती है।

उत्तर- (1) असत्य, (2) सत्य, (3) असत्य, (4) असत्य, (5) सत्य।

**प्रश्न 4.** निम्नलिखित वाक्यों की सही जोड़ी बनाइए- **5**

| **(अ)** | (ब) |
|---|---|
| (1) शिबू | (i) विस्मय आदि प्रकट करने वाले वाक्य होते हैं |
| (2) प्रयत्न सिद्ध | (ii) ज्वालाप्रसाद |
| (3) सरदार पूर्णसिंह | (iii) सम्प्रदाय |
| (4) अमरकंटक | (iv) भावात्मक निबन्ध के लेखक है |
| (5) विस्मयादि बोधक | (v) नर्मदा। |

उत्तर- (1)-(ii), (2)-(iii), (3)-(iv), (4)-(v), (5)-(i) |

**प्रश्न 5.** निम्नलिखित प्रश्नों का उत्तर एक वाक्य में लिखिए- **5**

(i) जो लोगों को प्रिय हो।

(ii) संचारी भावों की संख्या कितनी है ?

(iii) साधु से क्या नहीं पूछना चाहिए ?

(iv) पुरूषोत्तम कौन है ?

(v) शल्य चिकित्सा के प्रवर्तक कौन हैं ?

उत्तर- (i) सर्वधर्म, (ii) 33, (iii) जाति, (iv) कर्मकाण्डी ब्राह्मण, (v) सुश्रुत।

प्रश्न 6. "मैंने आहुति बनकर देखा" कविता का केन्द्रीय भाव लिखिए। 2

अथवा

कवि हरिवंशराय बच्चन ने जीवन पथ में क्या-क्या अनिश्चित माना है ?

प्रश्न 7. 'त्रिलोचन की कविता' में प्रस्तुत शरद ऋतु के प्राकृतिक सौन्दर्य का वर्णन कीजिए। 2

अथवा

नई और पुरानी सभ्यता में कवि ने क्या अन्तर बताया है ?

प्रश्न 8. "श्रीकृष्ण का जीवन तो एक काव्य ही है" इस उक्ति को सिद्ध कीजिए। 2

अथवा

साहित्य के क्षेत्र में इतिहास किस प्रकार मदद करता है ?

प्रश्न 9. गाँव के कुटीर उद्योगों पर आधुनिकता का क्या प्रभाव पड़ा ? 2

अथवा

पुरुषोत्तम के समक्ष कौन-सा धर्मसंकट उपस्थित हुआ ?

प्रश्न 10. व्यक्ति सम्मान के योग्य कब बन जाता है ? 2

अथवा

पद्माकर जी के अनुसार वसन्त का प्रभाव कहाँ-कहाँ दिखाई देता है ?

प्रश्न 11. कवि के अनुसार किस प्रकार के वृक्ष के नीचे विश्राम करना चाहिए? 2

अथवा

"जाग तुझको दूर जाना है।" से कवि का क्या आशय है ?

प्रश्न 12. गूंगा फल के स्वाद का अनुभव किस तरह करता है ? 2

अथवा

पीताम्बर श्रीकृष्ण के सौन्दर्य का वर्णन कीजिए।

प्रश्न 13. "जिससे बात कीजिए कि वह नम्रता और सदाचार का देवता बना मालूम होता था।" इस उक्ति का भाव स्पष्ट कीजिए। http://www.mpboardonline.com 2

अथवा

छात्र की समस्याएँ कौन-कौन सी है ?

प्रश्न 14. कुएँ पर पनहारिने क्या कर रही थीं? वे किसका गीत गा रही थीं? 2

अथवा

वनवास की कठिनाइयों के बीच अर्जुन, भीम और युधिष्ठिर ने क्या-क्या प्राप्त किया ?

प्रश्न 15. स्थायी भाव एवं संचारी भाव में अन्तर बताइए। 2

अथवा

काव्य की परिभाषा देते हुए काव्य के भेद बताइए।

प्रश्न 16. निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध कीजिए- 2

(i) तुम तुम्हारो किताब खोलो।

(ii) रमेश देखता रहा, उसने कुछ न बोला ।

(iii) छात्र कक्षा के अन्दर गया ।।

अथवा

निम्नलिखित वाक्यों को निर्देशानुसार परिवर्तित कीजिए-

(i) सभी बच्चे माता-पिता की सेवा करते हैं। (प्रश्नवाचक)

(ii) घर जाओ। (निषेधवाचक)

प्रश्न 17. स्वामी जी के साथ हिमालय यात्रा में निवेदिता को क्या अनुभव हुए ? 3

अथवा

दीपक से मानव जीवन की तुलना किस रूप में की गई है ?

प्रश्न 18. रेखाचित्र' और 'संस्मरण' में दो अन्तर लिखिए। 4

अथवा

'नाटक' और 'एकांकी' में कोई चार अन्तर लिखिए।

प्रश्न 19. भारतेन्दु युग के चार प्रमुख कवियों और उनकी प्रमुख रचनाएँ लिखिए। 4

अथवा

चार प्रगतिवादी कवि और उनकी एक-एक रचनाएँ लिखिए।

प्रश्न 20. निम्नलिखित में संधि विच्छेद कर संधि का नाम लिखिए- 3

(i) हिमालय, (ii) मनोरम, (iii) निरक्षर ।

अथवा

निम्नलिखित के समास विग्रह कर समास का नाम बताइए।

(i) मातापिता (ii) त्रिभुवन, (iii) यथाशक्ति।

प्रश्न 21. रोला छन्द की परिभाषा देकर उदाहरण दीजिए। 4

अथवा

अन्योक्ति अलंकार की परिभाषा उदाहरण सहित दीजिए।

प्रश्न 22. बिहारी अथवा कबीरदास की काव्यगत विशेषताएँ निम्नलिखित बिन्दुओं के आधार पर लिखिए- 4

(i) दो रचनाएँ, (ii) कलापक्ष-भावपक्ष, (iii) साहित्य में स्थान।

प्रश्न 23. श्रीलाल शुक्ल अथवा हजारीप्रसाद द्विवेदी का साहित्यिक परिचय निम्नलिखित बिन्दुओं के आधार पर लिखिए- 4

(i) दो रचनाएँ (ii) भाषा शैली (iii) साहित्य में स्थान।

प्रश्न 24. निम्नलिखित में से किसी एक पद्यांश की सन्दर्भ प्रसंग सहित व्याख्या लिखिए- 4

“वर दन्तकी पंगति …………. लला इन बोलन की।"

अथवा

"बिना बिचारै जो करे ……. कियो जो बिना बिचारे ।।"

प्रश्न 25. निम्नलिखित में से किसी एक गद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए“मानव शरीर में …..भिन्न-भिन्न रूप रहे हैं।" 5

अथवा

"ईश्वर ने उसके स्वच्छंद……………..सड़ा देने के लिए।"

प्रश्न 26. निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दीजिए- 5

“मनुष्य के जीवन में ……………. निरोगी रखना चाहिए।"

प्रश्न- (i) उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए।

(ii) उपर्युक्त गद्यांश का सारांश अपने शब्दों में लिखिए।

(iii) शरीर में निरोगता कैसे आती है ?

प्रश्न 27. प्राचार्य महोदय को बुक-बैंक से पुस्तकें देने के लिए एक प्रार्थना पत्र लिखिए। 5

अथवा

प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण होने पर अपने मित्र को एक बधाई पत्र लिखिए। http://www.mpboardonline.com

प्रश्न 28. (अ) निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग (200 से 250) शब्दों में निबन्ध लिखिए- 7

(i) दहेज एक सामाजिक समस्या,

(ii) जीवन में खेलों का महत्व,

(iii) समय का सदुपयोग,

(iv) भारतीय समाज में नारी का स्थान,

(v) दैनिक जीवन में कम्प्यूटर का महत्व।

(ब) निम्नलिखित में से किसी एक विषय की रूपरेखा 50 शब्दों में लिखिए- 3

(i) क्रिकेट मैच,

(ii) समाचार पत्र,

(iii) जल ही जीवन है।